महत्वपूर्ण एवं खास

चिचगांव में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण में दहशत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार जंगली हाथियों के झुंड ने आतंक मचा कर रखा है। ग्रामीणों के घर बाड़ी में घुसकर खाद्य सामाग्री को तहस-नहस कर मकानों को भी छतिग्रस्त कर रहे हैं। यहां कई किसानों के खड़ी फसल को भी रौंद रहे हैं, जिससे ग्रामीण दहशत व्याप्त है। ग्राम चिचगांव के ग्रामीणों ने जंगली हाथियों से बचने के लिए लोगों को सुरक्षित स्थान पक्की मकानों के छत व हाई स्कूल में जाकर रहने की सलाह दे रहे हैं। भानुप्रतापपुर क्षेत्र ग्राम चिचगांव के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह से गांव के जंगलों में करीब 28 हाथियों के झुंड ने डेरा डाला हुआ है जो रोजशाम ढलते ही बस्ती में घुसकर उत्पात मचाते हैं।

निर्माणाधीन पुलिया में बाइक सहित गिरने से एक की मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पीवी 87 के पास निर्माणाधीन पुलिया में बाइक सहित गिरने से गिरने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर निवासी शुभम मिस्त्री अपने साथियों के साथ मोटरसायकल से बांदे जा रहे थे। ग्राम पीवी 87 के पास पुलिया का निर्माण हो रहा है जिसे बाइक चालक भांप नहीं सका और तेज रफ्तार बाइक को रोकने का प्रयास किया लेकिन बाइक फिसलकर निर्माणाधीन पुलिया में गिरने से चालक के सिर में गंभीर चोटे आई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

आगजनी के मामले में आरोपियों की तलाश

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल सुभाष ब्लाक झोपड़ीपार ग्राउंड में एक कार को आग हवाले किये जाने के मामले में मानिकपुर पुलिस ने धारा 435 का प्रकरण कायम किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। चौकी प्रभारी अशोक पांडेय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, उनके फुटेज प्राप्त किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ अध्ययन किया जाएगा। संभव है कि राहुल पटेल की वैगनआर कार को आग के हवाले किये जाने वाले आरोपियों की तलाश इसके माध्यम से हो सकेगी। इससे पहले ऐसी ही घटनाएं ढोढ़ीपारा, आरपी नगर फेस 2 और शिवाजी नगर में हो चुकी है, जहां पर आरोपियों ने क्लासीक जीप, कार और दो बाइक को आग लगाने के साथ नष्ट कर दिया था।

पोल्ट्रीफार्म की वाहन पलटने से एक की मौत, दो घायल

सुकमा (आरएनएस)। जिले के दोरनापाल से कोन्टा जाने वाले नेशनल हाइवे पर पोल्ट्रीफार्म की एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच ही पलट गई। जिसके चलते इसमें सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दो युवक घायल हो गए। घटना की जानकारी सीआरपीएफ की 150 वीं बटालियन के जवान कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह को मिली। इसके बाद उन्होंने मौके पर जवानों को भेजा और घायलों को जवानों ने उन्हें दोरानापाल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उन्हें सुकमा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

नक्सलियों ने ग्राम आदेड के एक ग्रामीण की हत्या

बीजापुर। जिले के नक्सल प्रभावित इलाके ग्राम आदेड निवासी एक ग्रामीण बुधराम का नक्सलियों ने अपहरण कर अपने साथ ले जाकर बीती रात में उसकी हत्या कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोदकपाल थाना क्षेत्र के ग्राम आदेड निवासी बुधराम उम्र 38 वर्ष को नक्सलियों ने 11 जून की सुबह उसके घर से अपहरण कर लिया था। 12 जून को देर रात नक्सलियों द्वारा उसकी हत्या किए जाने जानकारी मिली है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर जिले में 561 करोड़ के 391 योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर जिले में कुल 561 करोड़ 33 लाख रूपये लागत के 391 महत्वाकांक्षी योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने इसके तहत लगभग 100 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विभागों के 28 कार्यो का लोकार्पण किया। इसके तहत सेतु निर्माण संभाग रायपुर में 49 करोड़ रूपये की लागत से 3 महत्वपूर्ण योजनाएं आज से शुरू हुई। इसमें रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर लगभग 39 करोड़ रूपये की लागत से बना खमतराई रेल्वे ओव्हर ब्रिज चैड़ीकरण कार्य भी शामिल है। इसी तरह आरंग विकासखंड के महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थलों चंपारण, राजिम व आरंग सहित ग्रामीण अंचल को जोड़ने वाले पारागांव, गोईदा-टीला मार्ग के छटेरा एवं कुम्हारी नाला पर बना उच्च स्तरीय पुल लोकार्पण किया है। लगभग 17 करोड़ रूपये की लागत से बने इन पुलों से बड़ी आवादी को बारहमासी अतिरिक्त मार्ग की सुविधा प्राप्त हुई है।

❒पचेड़ा व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य पूर्ण- जल संसाधन विभाग रायपुर द्वारा 5 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से पचेड़ा व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य पूर्ण किया गया है। इससे 300 एकड़ में खरीफ फसल व 100 एकड़ में रबी फसल लेने वाले किसानों को लाभ मिलेगा तथा मछली पालन किया जा सकेगा।

❒आवासहीनों के लिए भाठागांव में बने 290 आवासों का लोकार्पण- मुख्यमंत्री ने भाठागांव में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवासहीनों को किफायती आवास सुविधा देने 13 करोड़ रूपये की लागत से बने 3 मंजिला भवन के माध्यम से बनाए गए 290 आवासों का लोकार्पण किया। उन्होंने तृतीय लिंग समुदाय के लिए सरोना में 50 लाख रूपये से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। एक करोड़ रूपये की लागत से आमा तालाब के सौंदर्यीकरण व विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया गया। इसी तरह सी.जी.एम.एस.सी लिमिटेड द्वारा रायपुर जिले में लगभग 3 करोड़ रूपये की लागत से 7 योजनाएं शुरू की गई हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 73 लाख रूपये की लागत से रायपुर के कबीर चैक, शहीद वीर नारायण चैक, शहीद कौशल यादव चैक, पुतरा-पुतरी चैक का उन्नयन किया गया है।

❒मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से जुड़ेंगी गांव के शासकीय संस्थाएँ- मुख्यमंत्री ने रायपुर जिले में लगभग 461 करोड़ रूपये के 363 नवीन विकास कार्यो का भूमिपूजन कर नए विकास कार्यो की आधारशिला रखी। लोक निर्माण विभाग रायपुर संभाग क्र.-1, 2, 3 एवं विधानसभा संभाग, रायपुर जिले में लगभग 234 करोड़ रूपये के 140 नयी कार्य योजनाएं शुरू किया जा रहा है।

सड़क हादसे में दो की मौत, अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रोड एक्सीडेन्ट में धरसींवा व खरोरा क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सांई विहार कालोनी सिलतरा धरसींवा निवासी मनपथ मिश्रा 44 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 12 जून को 4.40 बजे सिलतरा पुलिस सहायता केंद्र के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमक्यू के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की बाईक को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते बाईक के पीछे बैठे राजकुमार दुबे 38 वर्ष को गंभीर लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं खरोर थाना पुलिस ने सड़क हादसे में एक महिला की बाईक से गिरने से मौत हो जाने की सुचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मिली जानकारी के अनुसार 08 जून को दोपहर 3 बजे बाईक सवार महिला की रोड एक्सीडेन्ट में गंभीर रुप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में पता चला कि ग्राम हसौंदा मोंहदी के मध्य बाईक से जाते समय धनेश्वरी पति मूलचंद खंडेवाल की गिरने से गंभीर रुप से घायल होने के कारण उपचार के दौरान अस्पताल में मोत हो गई। लापरवाही पूर्वक बाईक चलाने के जुर्म में पुलिस ने मृतिका के पति मूलचंद खंडेवाल के खिलाफ अपराध कायम कर धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

टीका तुंहर द्वार का हुआ शुभारंभ, 4 टीमों के सहयोग से 28 जून तक चलेगा कार्यक्रम

» नगर निगम रायपुर के 10 जोन के 70 वार्ड किये जायेंगे कवर

रायपुर (आरएनएस)। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए देशभर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत एक नई पहल करते हुऐ स्वास्थ विभाग ने कोविड टीकाकरण कार्यक्रम को डोर स्टेप तक पहुंचाने के लिए ''टीका तुंहर द्वार'' अभियान के शुरू किया है । इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के माध्यम से किया गया है ।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके) की चार टीमों को विधायक ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा, विधायक उत्तर कुलदीप जुनेजा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, द्वारा हरी झंडी दिखाकर कोविड टीकाकरण महा अभियान टीका तुंहर द्वार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर कलेक्टर सौरभ कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल के साथ-साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आशीष वर्मा और सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। टीका तुंहर द्वार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बतायाः कोविड संक्रमण से बचाव के लिए देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है रायपुर स्वास्थ विभाग ने नई पहल करते हुए कोविड टीकाकरण कार्यक्रम को डोर स्टेप तक पहुंचाने के लिए टीका तुंहर द्वार कार्यक्रम को महा अभियान के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के माध्यम से किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए चार टीमें बनाई गई है । जिसमें चार से पांच सदस्य होगें । टीम मेडिकल ऑफिसर (आरबीएसके), फार्मेसिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं एएनएम इनमें सदस्य के रूप में होगें । जो रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में टीकाकरण करेंगी । यह कार्यक्रम 28 जून तक चलाया जाएगा । युक्तिका रजक 7828040046, तरुण 8223018724, ममता साहू 6267654466, मोहित कुमार 7000192593 अपनी अपनी टीम का नेतृत्व करेगें । साथ ही इस दौरान टीमों द्वारा टीकाकरण के उपरांत भी कोविड-19 अनुरूप व्यवहार का पालन करने की सीख भी दी जायेगी 7 जैसे शारीरिक दूरी बनाए रखना मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग करना एवं निश्चित समय उपरांत हाथों को साबुन से धोना आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। सामान्य से छह दिन पहले पहुंचा मानसून पूरे प्रदेश को तरबतर कर रहा है। मानसून के प्रभाव से राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में बारिश हो रही है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। आज सोमवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं प्रदेश में एक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने तथा एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की भी संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया, दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून अब संपूर्ण छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश भागों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, संपूर्ण उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद तक पहुंच गया है। उत्तरी हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तरी पंजाब के कुछ हिस्सों में भी मानसून पहुंच गया है। अभी मानसून की उत्तरी सीमा दीव, सूरत, नंदुरबार, भोपाल, नौगांव, हमीरपुर, बाराबंकी, बरेली, सहारनपुर, अंबाला और अमृतसर है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। छत्तीसगढ़ में सामान्य तौर पर मानसून 16 जून तक आता है। इस मौसम विभाग ने 10 जून तक आने की संभावना जताई थी। मानसून के केरल तट तक पहुंचने में विलंब हुआ तो यहां पहुंचने की संभावना को आगे बढ़ा दिया गया। त्वरित अनुमानों को धता बताते हुए मानसून 9-10 जून की रात में सक्रिय होकर रायपुर तक पहुंच गया। शनिवार को इसकी सक्रियता पेण्ड्रा रोड तक सीमित थी।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी और पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के आसपास के तटीय क्षेत्रों पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र कल से बना हुआ है। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण मध्य ट्रोपोस्फेरिक स्तर तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके अगले 2-3 दिनों के दौरान ओडिशा, झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

नेशनल हाईवे पर वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी,5 महिलाओं की मौत

गरियाबंद (आरएनएस)। रिस्तेदार के मौत हो जाने पर मातम में शामिल होने आये 12 लोग वैन में बैठकर अभनपुर से गरियाबंद जा रहे थे। तभी वैन नेशनल हाईवे के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिसके चलते वैन में सवार 05 महिलाओं की मौत हो गई जो एक ही परिवार से थी। ड्रायवर समेत अन्य लोगों को भी चोट आई है। जिनका राजिम में इलाज करने के बाद रायपुर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद के मालागांव से हादसे के शिकार सभी रिस्तेदार की मौत हो जाने पर अभनपुर आए थे। शनिवार की देर रात वापस लौटते वक्त कोपरा मोड़ के पास वेन पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में जमौती 40,दुखिया 65 वर्ष,दुकाला 65 वर्ष,केन बाई 65 और परवल बाई निषाद 55 वर्ष की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पांडुका थाना पुलिस व हाइवे की पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच मृतकों व घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा है। वैन में एक 13 वर्ष बच्ची भी सवार थी जिसे मामुली चोट लगी है,वहीं हादसे में वैन ड्रायवर भी घायल हो गया है।

मैंगों जूस भेजने के नाम पर एक करोड़ की ठगी, आरोपी को पुलिस ने दमनदीव से किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। मैंगो जूस भेजने के नाम पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मनपसंद ब्रेवरेज कंपनी के मालिक अभिषेक सिंह को दमनदीव से गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के भनपुरी स्थित एचआर एजेंसीज ने मैनेजर इन्द्रपाल सिंह ने मामले में खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया था कि मनपसंद बेवरेज बड़ोदरा गुजरात से मैंगो जूस खरीदी करने दो करोड़ रुपए का सौदा तय हुआ था। जनवरी 2020 में दो करोड़ जमा कर दिया गया था, लेकिन कंपनी के मालिक अभिषेक सिंह ने 1 करोड़ 5 लाख 68 हजार का सामान नहीं भेजा तथा लगातार टालमटोल करता रहा। मामलें में पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी के

खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया तथा जांच शुरू की थी। जांच के दौरान एसएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी विनीत दुबे ने उपनिरीक्षक अजय झा, साइबर सेल एवं अन्य पुलिस की एक टीम 8 जून को आरोपी के पते पर गुजरात रवाना किया गया जहां से पता चला कि आरोपी दमनदीव में है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने आरोपी अभिषेक सिंह पिता धीरेंद्र सिंह (34) दमण दीप से हिरासत में लिया गय और खमतराई थाना लाकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्तले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल नियमों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री ने 6 दिन में दी 3 हजार 854 करोड़ के विकास-कार्यों की सौगात

» अब तक 12 जिलों में आयोजित किए जा चुके हैं कार्यक्रम

» वर्चुअल कार्यक्रम से हितग्राहियों से रोज ले रहे योजनाओं का लाइव फीडबैक

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की रफ्तार सुस्त होने के बाद छत्तीसगढ़ में एक बार फिर विकास-कार्य तेज हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पिछले एक सप्ताह से हर रोज प्रदेश के दो जिलों में नये विकास-कार्यों की सौगात दे रहे हैं। उनके रायपुर स्थित निवास पर होने वाले वर्जुअल कार्यक्रमों से जिलों में आयोजित हो रहे औपचारिक कार्यक्रमों को आडियो-विडियो माध्यम से लिंक कर हर रोज बड़े पैमाने पर इन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा रहा है।

8 जून मंगलवार से प्रारंभ विकास कार्यक्रमों का यह सिलसिला 21 जून तक आयोजित होगा। रविवार 13 जून तक 3,854 रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा चुका था। अब तक 12 जिलों में कार्यक्रम हो चुके हैं। सुकमा और बीजापुर जिले में हालांकि मुख्य कार्यक्रम अभी होना बाकी है, लेकिन इन दोनों जिलों के लिए एक अतिरिक्त वर्चुअल कार्यक्रम में भी 50 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमि-पूजन लोकार्पण किया गया है। इन वर्चुअल कार्यक्रमों की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि मुख्यमंत्री बघेल जिलों के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हितग्राहियों से सीधी बातचीत कर उनसे शासन की योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं। राजधानी रायपुर के कार्यक्रम में जहां प्रदेश के सभी वरिष्ठ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहते हैं, वहीं जिलों के कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी और योजनाओं के हितग्राही शिरकत कर रहे हैं।

दुर्ग और बालोद जिले को 685 करोड़ रूपए के 244 विकास कार्यों की सौगात

बालोद की जल आवर्धन योजना की पाईप लाईन विस्तार के लिए एक करोड़ रूपए की स्वीकृति

8 जून को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग और बालोद जिले को 685 करोड़ के विकास और निर्माण कार्यों की सौगात देते हुए कहा है कि साल भर के दौरान कोरोना महामारी की पहली और दूसरी लहर में हमारे सामने बहुत से कठिन चुनौतियां खड़ी की, लेकिन वे नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने के हमारे संकल्प को डिगा नहीं सकी। इस कार्यक्रम में दुर्ग और बालोद जिले को 685 करोड़ रूपए की लागत वाले 244 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले में 285.87 करोड़ की लागत वाले 57 कार्यों और बालोद जिले में 399.32 करोड़ रूपए की लागत वाले 187 विकास एवं निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों को जिन कार्यों की सौगात दी उसमें मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत एवं पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास कार्य शामिल हैं।